## विचार बिन्दु

मनुष्य को आपत्ति का सामना करने, सहायता देने के लिए मुस्कान से बड़ी कोई चीज़ नहीं है। –तिरुवल्लुवर

# विश्वयुद्ध के वैश्विक तनाव के बीच अमेरिकी नेतृत्व को फ्रांस की तगड़ी चुनौती

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुठभेड़ के महज तीन हफ्तों में विश्व राजनीति और कूटनीति का पहिया इतना तेजी से घूमा जिसकी कल्पना अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सपने में भी नही सोचा था कि आठ दशक से जो देश विश्व पटल पर नेतृत्वकर्ता था उसे किसी ओर ने नही अपने ही सहयोगियों से इतनी गहरी चुनौती मिलेगी। फ्रांस की पहल पर ब्रिटेन मे यूरोपीय यूनियन के 27 देशों की बैठक हुई। इसकी प्रतिक्रिया में भड़के रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल आक्रमण कर मौके का फायदा उठाना चाहा। दरअसल यह अवसर इस लिए पैदा हुआ कि अमेरिका ने यूक्रेन को सभी प्रकार की वित्तीय और सामरिक सहायता बन्द करने का ऐलान कर दिया। जाहिर है ऐसे में यूक्रेन की स्थिति कमजोर हो गई। लेकिन इस स्थिति की गम्भीरता से फ्रांस ने समझा और उसने ऐसा ऐलान कर दिया जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। फ्रांस ने ऐलान किया है कि वह अपने यूरोपीय सहयोगियों सहित यूक्रेन को परमाणु सुरक्षा कवच से कवर करेगा अर्थात इन क्षेत्रों में परमाणु बम से लदी मिसाइलें तैनात करेगा।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने राष्ट्र को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि रूस पूरे यूरोप के लिए खतरा बन गया है। मैं यह भरोसा करना चाहता हूं कि अमेरिका हमारे साथ खड़ा रहेगा। लेकिन अगर ऐसा नहीं है तो हमें तैयार रहना होगा।'' मैक्रों ने फ्रांस के न्यूक्लियर छाते (अंब्रेला) को लेकर भी ऐलान कर दिया। यानी यूरोप के बाकि देशों को यह छत्रछाया मिलेगी।

फ्रांस ने अपनी घोषणा के महज 72 घण्टों में इसे अमलीजामा भी पहना दिया और अमेरिका देखता रह गया। फ्रांस ने यह भी ऐलान कर दिया कि यूक्रेन में यूरोपीय यूनियन की सेना के पैंसठ हजार सैनिक भी तैनात किए जाएगें। इसी बीच फ्रांस सहित सभी यूरोपीय देशों ने अपने रक्षा बजट में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि का ऐलान कर दिया। यह सब करते हुए भी फ्रांस ने अमेरिका से अपने निर्णय पर पुनर्विचार की अपील कर कूटनीतिक चाल भी चल दी। इधर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि यूक्रेन में अगर यूरोपियन यूनियन के देशों की सेना पहुंची तो उसे रूस के ख़िलाफ़ सीधी जंग मानी जाएगी।

लावरोव ने कहा कि ईयू के शांति सैनिकों की रूस में मौजूदगी को नेटो की मौजूदगी के तौर पर देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के विश्वयुद्ध की धमकी, रूस के ख़िलाफ़ चेतावनी मानी जाएगी। फ्रांस का तीर निशाने पर लगा रूस की ताबड़तोड़ प्रतिक्रिया बताती है कि विश्व नेता के तौर पर फ्रांस की दावेदारी मजबूत हुई है।

> **फ्रांस ने अपनी घोषणा के महज 72 घण्टों में इसे अमलीजामा भी पहना दिया और अमेरिका देखता रह गया। फ्रांस ने यह भी ऐलान कर दिया कि यूक्रेन में यूरोपीय यूनियन की सेना के पैंसठ हजार सैनिक भी तैनात किए जाएगें। इसी बीच फ्रांस सहित सभी यूरोपीय देशों ने अपने रक्षा बजट में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि का ऐलान कर दिया।**

उधर यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष, उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इन नेताओं के सामने 670 बिलीयन यूरो यूरोपीय संघ द्वारा रक्षा खर्च बढ़ाने के योजना पर भी सहमति हासिल की। उन्होंने कहा कि यह ''यूरोप के लिए एक वाटरशेड मोमेंट (ऐतिहासिक)'' है और यूक्रेन के लिए भी। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यदि ट्रंप 'ताकत के दम से शांति' चाहते हैं तो यह केवल यूरोपीय यूनियन और उसके सदस्य देशों के साथ ही संभव होगा ''क्योंकि पूर्व शर्तों को पूरा करना होगा''। उन्होंने यूरोपीय यूनियन की आर्थिक, सैन्य सहायता और समर्थन का हवाला देते हुए कहा, ''ऐसे कई उदाहरण हैं जो दिखाते हैं कि सकारात्मक अंत तक पहुंचने के लिए यूरोप का समर्थन कितना अहम है''। वहीं पोलिश प्रधान मंत्री ने डोनाल्ड ट्रस्क ने कहा, यूरोप को इस चुनौती, हथियारों की होड़ को अवश्य स्वीकार करना चाहिए। और इसे इसे जीतना ही होगा। पूरा यूरोप वास्तव में रूस के साथ किसी भी सैन्य, वित्तीय, आर्थिक टकराव को जीतने में सक्षम है, हम बहुत मजबूत हैं। अमेरिका को तत्काल ही अपनी भूल समझ आ गई। इस बीच ट्रम्प को मजबूर हो कर रूस पर पुनः कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने का एलान करना पड़ा है।

उधर अमेरिका के साथ व्यापार से लेकर किसी भी तरह का युद्ध लड़ने के लिए तैयार होने का दावा करने के कुछ ही घंटों बाद चीन के सुर बदल गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने गुरुवार को कहा, युद्ध नहीं लड़े जाने चाहिए क्योंकि न उन्हें जीता जा सकता है और न ही उनके कोई नतीजे निकलते हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की इस टिप्पणी के बाद आई है कि जो लोग शांति चाहते हैं, उन्हें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। इसीलिए अमेरिका अपनी सेना का पुनर्निर्माण कर रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह बात समझते हैं कि शांति ताकत से ही आती हैं। अमेरिका चीन के साथ कोई सक्रिय संघर्ष नहीं चाहता लेकिन रक्षा मंत्री के तौर पर यह सुनिश्चित करना मेरा काम हैं कि हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए लिन जियान ने कहा, अमेरिका को अब रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के नाम पर चीन को रोकने या उसके पीछे पड़ने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। लिन ने कहा, हमारा हमेशा से स्पष्ट दृष्टिकोण रहा है कि चाहे टैरिफ युद्ध या व्यापार युद्ध अथवा शीत युद्ध या सीधा संघर्ष, उन्हें जीता नहीं जा सकता। इससे पहले मंगलवार को लिन ने कहा था, धमकी देना चीन से निपटने का सही तरीका नहीं है। यदि अमेरिका के मन में कोई दूसरा एजेंडा है और यदि वह युद्ध चाहता है तो चाहे टैरिफ युद्ध हो या व्यापार युद्ध या किसी अन्य प्रकार का युद्ध, हम अंत तक लड़ने को तैयार हैं। अब अमेरिका चीन हो या रूस यह जताने की कोशिश कर रहा है कि अब भी वही नेता है हालांकि अब इसमें पेंच फंस चुके हैं। उधर कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पहले ही भाषण में डोनाल्ड ट्रंप को सुनाते हुआ कहा कि अमेरिका हम पर और हमारे संसाधनों पर कब्जा करना चाहता है लेकिन किसी भी हालत में हम यह नहीं होने देंगे। इधर भारत को लेकर अमेरिका का रवैया भी अनुचित बना हुआ है कभी टैरिफ, कभी हथियार तो कभी आयल जैसे मुद्दों पर साजिश रच रहा है। लेकिन इतना तो साफ होता जा रहा है कि तीसरे विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि से रही है जिसमें चीन, उत्तरी कोरिया और रूस एक तरफ होंगे और यूरोपीय संघ के साथ मजबूरी में अमेरिका को भी साथ रहना होगा। अगर यह युद्ध हुआ तो विश्व भूगोल के व्यापक परिवर्तन अवश्यंभावी हैं।

**–राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**अतिथि संपादक**
**साहित्यकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

## राशिफल गुरूवार 13 मार्च, 2025



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र शुक्रवार प्रातः 6:20 तक, धृति योग दिन 1:03 तक, वणिज करण दिन 10:36 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-मीन, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा दिन 10:36 से रात्रि 11:30 तक है। आज चान्द पूर्णिमा व्रत, हुताशिनी पूर्णिमा, मन्वादि है। आज होलिका दहन है। होलिका दहन रात्रि 11:30 से 12:36 के मध्य करना अच्छा रहेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:11 तक, चर 11:08 से 12:37 तक, लाभ-अमृत 12:37 से 3:54 तक, शुभ 5:02 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:43, सूर्यास्त 6:30

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय और कार्यों में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आज समय रचनात्मक कार्यों में व्यतीत होगा।

**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंह**
अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना पड़ सकता है। धन हानि का भय है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**धनु**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब होने का भय है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# गांवों में लौट रही है परम्पराएं, सोती गांव में चंग की थाप पर धमाल गाये

## सोती गांव में आयोजित फागोत्सव मे बड़े बुजुर्गों सहित युवाओं ने भी मिटती ग्रामीण संस्कृति को जीवित रखने का संदेश दिया

**झुंझुनूं, (निसं)।** त्योहार-पर्वों को लेकर जहां एक और ग्रामीण इलाकों में संस्कृति विलुप्त होती जा रही है, वहीं दूसरी और युवा पीढ़ी भी इसे जीवित रखने के प्रयास कर रही है।

झुंझुनूं के गांव सोती में इसी का एक जीता-जागता उदाहरण है, जहां इन दिनों वर्षों पुरानी होली की परंपरा एक बार फिर से देखने को मिल रही है। गांव के बीचोंबीच स्थित ग्रामदेवता स्वामीजी महाराज मंदिर परिसर में ग्रामीणों ने मंगलवार रात को फागोत्सव मनाया। इस दौरान ना केवल बड़े बुजूर्गों ने बल्कि बड़ी संख्या में एकत्रित होकर युवाओं ने भी मिटती ग्रामीण संस्कृति को जीवित रखने का संदेश दिया। गांव के बड़े बुजूर्गों ने चंग की थाप पर धमाल बोलकर फागण में रस भरा तो वहीं युवाओं ने धमालों पर नृत्य कर रंगमंच प्रदान किया। सफेद कुर्ते पायजामे पहने सिर पर पगड़ी बांधे ग्रामीणों की चंग की थाप ने उत्सव का रूप ले लिया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोग पहुंचे।



झुंझुनूं के गांव सोती में ग्रामीणों ने फागोत्सव मनाया।

> ■ **गांव के बुजुर्गों ने चंग की थाप पर धमाल बोलकर फागण में रस भरा तो वहीं युवाओं ने धमालों पर नृत्य कर रंगमंच प्रदान किया**

ढप बजा रहे ग्रामीण बुद्धराम ने बताया कि वर्षों पहले गांव में ऐसे ही धमाल और ढप बजाया करते थे, लेकिन धीरे-धीरे यह परंपरा विलुप्त होने लगी है। उन्होंने बताया कि होली त्योहार बिना ढप और धमाल के सूना लगता है। इसलिए ऐसे कार्यक्रम जरूरी हैं, क्योंकि यह ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। इससे युवा पीढ़ी को भी संदेश मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर फागोत्सव का आनंद लिया।

इस दौरान बाबूलाल भगत, विजय महला, मोहनलाल, सुनील पूनियां, लीलाधर, रोहिताश्व गुर्जर, बहादुर सिंह, हरकेश, मनोज गोदारा, सुदेश, मुनेश, कुलदीप, गोविंद, सिकंदर, धूड़ाराम, हरकेश, वीरेंद्र, सुनील, अंकित, रणजीत गुर्जर एवं विकेंद्र गुर्जर इत्यादि मौजूद रहे।

# होली के त्योहारी सीजन में नकली के संदेह पर 4567 लीटर तेल व घी सीज़

## पाली जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य विभाग की कार्रवाई

**पाली, (नि.सं.)।** प्रदेशभर में ''शुद्ध आहार मिलावट पर वार'' अभियान के तहत मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही को अंजाम देने के लिये आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुईटे के दिशा निर्देश पर जिलें में प्रभावी कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है।

अभिहीत अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने होली के त्योहार पर मिलावट की रोकथाम के लिये खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचन्द ने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले खाद्य कारोबारकर्ता पर कठोर कानूनी कार्यवाही को अजांम दिया गया। होली के त्योहारी सीजन को देखते हुये पाली जिले में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा विशेष अभियान में मिलावट व नकली के संदेह पर 4567 लीटर तेल व घी सीज किया गया। इसमें सुमेरपुर से भगवती ब्राण्ड का घी, सोजत सिटी से चेतक ब्राण्ड का मूंगफली तेल, पाली से सोया कार्तिक बहार तेल व अन्य ब्रांड घी को सीज कर जांच के लिए सैम्पल लिये गये, जिन्हें जोधपुर जन स्वास्थ्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच हेतु भिजवाये गये। जांच नमूनों की खाद्य रिपोर्ट प्राप्त होने पर भारतीय खाद्य मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी।

**एक माह, में 50 से अधिक सैम्पल :-** खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेशचन्द ने बताया कि मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के लिये अनेक खाद्य पदार्थों के एक माह में 50 से अधिक सैम्पल जांच हेतु लिये गये। इन सभी सैम्पलों को मुख्य खाद्य विश्लेषक राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, जयपुर भिजवाया गया, जहां की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर भारतीय खाद्य मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही को अंजाम देने के लिये खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा धारा 64 के तहत 03 बार से अधिक सैम्पल फेल होने वाली फर्मो को चिन्हीत कर उनके लाइसेंस निरस्त की कार्यवाही की जायेगी।

एफएसओ ने बताया कि जिले में त्योहार के सीजन के तहत अधिकाशः खाद्य पदार्थो में मिलावट का कार्य होने की सूचना प्राप्त हो रही है। ऐसे में दैनिक जीवन में उपयोग में ली जाने वाली खाद्य सामग्री, दूध, मिठाईयां, पनीर, नमकीन, मसाले, तेल, घी, बेकरी के आईटम की बढ़ती खपत को देखते हुये इन पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ प्रभारी कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा।

**बिना फूड लाईसेंस संचालित दुकानें होगी बंद :-** सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर खाद्य लाइसेंस शिविरों का आयोजन हो रहा है। इसके बावजूद भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा लाईसेंस नहीं बनाने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# हाइवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से जरख की मौत

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम पांछूडाला के सरिस्का क्षेत्र से गुजर रहे सड़क मार्ग पर सोमवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से वन्यजीव जरख की मौत हो गई। वन विभाग के अनुसार पावटा पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद मृत जरख का अंतिम संस्कार कर दिया।

> ■ **पावटा पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद मृत जरख का अंतिम संस्कार किया**

जानकारी के अनुसार प्रागपुरा, पांछूडाला, नारायणपुर एमडीआर मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने वन्य जीव नर जरख को टक्कर मार दी। जिससे नर जरख की मौत हो गई। जिसकी सूचना लालचंद व ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई। जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर मृत जरख को पावटा पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, जहां मृत नर जरख का पोस्टमार्टम कर वन विभाग के सुपुर्द किया गया। जिसके बाद वन विभाग द्वारा उसका अंतिम संस्कार किया गया।

गौरतलब है कि सरिस्का क्षेत्र में घने जंगलों में स्वच्छंद विचरण करने वाले वन्यजीवों के लिए यह प्रागपुरा, पांछूडाला, नारायणपुर एमडीआर मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। आए दिन इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार से कोई न कोई वन्यजीव जान गंवा रहा है। इसके बाद भी हाइवे से तेज गति से गुजरने वाले वाहनों की गति पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा। इस मार्ग पर सर्वाधिक मवेशी एवं जंगली बंदर काल का ग्रास बनते हैं। सरिस्का क्षेत्र के वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग शुरू से ही चिंतित है। इस प्रागपुरा, पांछूडाला, नारायणपुर सघन वन क्षेत्र के दौरान वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए हाइवे व वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में मार्ग के दोनों और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग हो तो वन्य जीवों को बचाया जा सकता है। लेकिन इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में वन्य जीवों की सुरक्षा के मामले में वन विभाग लाचार साबित हो रहा है। वन विभाग का मानना है कि सुरक्षा के लिए तार फेंसिंग से ही वन्य जीवों को बचा सकता है।

# तारागढ़ क्षेत्र में आरएसी के जवान तैनात होंगे, अपराधों पर अंकुश लगेगा

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर कार्यवाही, पुलिस मुख्यालय से आदेश जारी

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर शहर को अपराध मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तारागढ़ पहाड़ी क्षेत्र में आरएसी के जवान तैनात होंगे। इससे क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगेगा। क्षेत्र में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चल रहा है। इस निर्णय से अभियान को बल मिलेगा।

> ■ **क्षेत्र में बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चल रहा है, अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक घुसपैठिये पकड़े जा चुके हैं**

तारागढ़ क्षेत्र एवं आसपास की पहाड़ियों के क्षेत्र में लम्बे समय से आपराधिक गतिविधियां एवं घुसपैठियों की शरणस्थली की जानकारी सामने आने के बाद विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुलिस महकमे को निर्देश दिए थे। उन्होंने निर्देशित किया था कि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए तारागढ़ पहाड़ी क्षेत्र एवं आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए। इन निर्देशों की पालना में पुलिस मुख्यालय ने निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार तारागढ़ पहाड़ी क्षेत्रों में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, निगरानी व धरपकड़ के लए आरएसी के जवान तैनात किए जाएंगे। इन जवानों की तैनातगी से पुलिस को इन क्षेत्रों में लगातार चलाए जा रहे अभियानों में भी सहायता मिलेगी। पुलिस ने क्षेत्र को अपराध मुक्त करने, क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ एवं बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसके सकारात्मक परिणाम भी लगातार सामने आ रहे हैं। अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक घुसपैठिये पकड़े जा चुके हैं। नशे के व्यापार एवं अन्य अपराधों पर भी रोकथाम हुई है। इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है।

# राजस्व मंडल अध्यक्ष ने त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन किया

**अजमेर, (कासं)** राजस्व मंडल द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक पत्रिका राविरा के 130 वें अंक ''चयनित निर्णय एवं निबंध विशेषांक'' का विमोचन राजस्व मंडल अध्यक्ष हेमन्त कुमार गेरा ने बुधवार को किया।

> ■ **'चयनित निर्णय एवं निबंध विशेषांक' का विमोचन किया**

राविरा के इस अंक में राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार को लेकर राजस्व मंडल स्तर से वर्ष 2024 के दौरान राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों के लिए आयोजित सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिता के तहत राज्य, संभाग एवं जिला स्तर पर चयनित प्रविष्टियों तथा पंचवर्गीय निबंध लेखन प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त रचनाओं को पाठ्य सामग्री के रूप में प्रमुखतः शामिल किया गया है। इसके साथ ही राजस्व न्यायालय एवं कार्यालयों का दीर्घकालिक अनुभव रखने वाले लेखकों के नामांतरण प्रक्रिया एवं पारदर्शिता, भू आधार, एक पेड़ मां के नाम, राजस्व मंडल न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्णय, राजस्थान में पुनर्गठित संभाग एवं जिले से संबंधित अधिसूचनाएं, राजस्व विषयक महत्वपूर्ण आदेश एवं परिपत्र सहित अन्य मंडल व राजस्व विभागीय गतिविधियों को समाचार एवं छायाचित्रों के माध्यम से विषय सामग्री के रूप में समाहित किया गया है। विमोचन कार्यक्रम में निबंधक महावीर प्रसाद, मंडल सदस्य आरडी मीणा, राजेश कुमार दड़िया, भवानी सिंह पालावत, डॉ. महेन्द्र लोढ़ा, कमला अलारिया, गौरव बजाड़, डॉ. शिवप्रसाद सिंह सहित राविरा संपादक पवन शर्मा एवं वरिष्ठ निजी सचिव सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे।

# राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिषाषी अधिकारी वर्ग परीक्षा 23 मार्च को

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्व अधिकारी ग्रेड-द्वितीय एवं अधिषाषी अधिकारी वर्ग-चतुर्थ प्रतियोगी परीक्षा-2022 का पुनः आयोजन आगामी 23 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 16 मार्च 2025 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 20 मार्च को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेगे। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके।